# 'टॉक्सिक' का नया रोमांटिक गाना जल्द

## इस बार यश के साथ दिखेंगी तारा सुतारिया

**सुपरस्टार** यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक' एक बार फिर चर्चा में है. हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के पहले गाने 'तबाही' में यश और कियारा आडवाणी की रोमांटिक केमिस्ट्री ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी थीं. जहां एक ओर गाना दर्शकों के बीच तेजी से वायरल हुआ, वहीं इसके कुछ अंतरंग दृश्यों को लेकर विवाद भी खड़ा हो गया और कियारा आडवाणी को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा. अब इन चर्चाओं के बीच फिल्म के दूसरे गाने को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है.



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार यश के साथ अभिनेत्री तारा सुतारिया की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिलेगी.

बताया जा रहा है कि फिल्म का नया गाना 21 जुलाई को रिलीज किया जा सकता है. हालांकि, फिल्म के निर्माताओं की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस गाने में यश और तारा सुतारिया की नई जोड़ी को एक अलग अंदाज में पेश किया जाएगा, जिससे दर्शकों को फिल्म की कहानी का एक नया पहलू देखने को मिल सकता है.

# लॉर्ड्स में साथ दिखे अर्जुन कपूर और साहिबा बाली



**बॉलीवुड** अभिनेता अर्जुन कपूर और अभिनेत्री व डिजिटल कंटेंट क्रिएटर साहिबा बाली एक बार फिर सुर्खियों में हैं. लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान दोनों को साथ देखा गया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके रिश्ते को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया. वायरल तस्वीरों और वीडियो में दोनों मैच का आनंद लेते हुए हंसते-मुस्कुराते नजर आए. हालांकि, बढ़ती चर्चाओं के बीच साहिबा बाली ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इन अफवाहों पर विराम लगाने की कोशिश की है. मैच के दौरान अर्जुन कपूर और साहिबा बाली एक साथ स्टैंड में बैठे दिखाई दिए. दोनों का सहज अंदाज और मैच के दौरान बातचीत करते हुए नजर आना लोगों का ध्यान खींचने के लिए काफी था.

सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होते ही कई यूजर्स ने दोनों के बीच रिश्ते को लेकर सवाल उठाने शुरू कर दिए. कुछ लोगों ने उन्हें नई जोड़ी बताते हुए बधाई तक दे डाली, जबकि कई यूजर्स का कहना था कि दोनों सिर्फ एक ही फ्रेंड सर्कल का हिस्सा हैं और इसे बेवजह डेटिंग से जोड़कर देखा जा रहा है. इन चर्चाओं के बीच साहिबा बाली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लॉर्ड्स स्टेडियम से अर्जुन कपूर के साथ एक तस्वीर साझा की.

तस्वीर के साथ उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कैप्शन लिखा, 'हर बात पर विश्वास मत करो, पार्ट-2.' उनके इस संदेश को डेटिंग की अफवाहों का जवाब माना जा रहा है. साहिबा का यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर चल रही तमाम अटकलों को लेकर नई बहस शुरू हो गई.

दरअसल, अर्जुन कपूर और साहिबा बाली के नाम इससे पहले भी चर्चा में आ चुके हैं. हाल ही में अर्जुन कपूर के जन्मदिन पर साहिबा ने इंस्टाग्राम स्टोरी में उन्हें शुभकामनाएं देते हुए मजाकिया अंदाज में लिखा था कि अब वजन कम करना बंद करें और केक खाएं. इस पर अर्जुन ने भी मजाक में जवाब दिया था कि वह उनके साथ जुड़ने का इंतजार कर रहे हैं.

## टेलीविजन हलचल



### अंश की वापसी से हिला विरानी परिवार

टीवी के चर्चित धारावाहिक 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में कहानी एक बार फिर रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है. 20 मई 2026 को प्रसारित एपिसोड में अंश की धमाकेदार वापसी ने विरानी परिवार की जिंदगी में हलचल मचा दी. लंबे समय बाद लौटे अंश की मौजूदगी ने न सिर्फ परिवार के सदस्यों को चौंका दिया, बल्कि आने वाले एपिसोड्स के लिए कई बड़े सवाल भी खड़े कर दिए हैं. एपिसोड में सबसे पहले अंश का सामना नंदिनी से होता है. अंश का रहस्यमयी और डरावना व्यवहार नंदिनी को पूरी तरह विचलित कर देता है. घबराई हुई नंदिनी तुरंत आयुष को इस बारे में जानकारी देती है और बताती है कि अंश वापस लौट आया है.

### अरमान-अभिरा के रिश्ते में बढ़ीं दूरियां



लोकप्रिय टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में रिश्तों की उलझनें और पारिवारिक तनाव लगातार बढ़ते जा रहे हैं. हालिया एपिसोड्स में अरमान और अभिरा के बीच बढ़ी गलतफहमियों ने उनके रिश्ते में नई दरार पैदा कर दी है. परिवार के दबाव, जिम्मेदारियों और लगातार सामने आ रही चुनौतियों के कारण दोनों के बीच दूरियां बढ़ती नजर आ रही हैं, जिससे दर्शकों की उत्सुकता भी बढ़ गई है.कहानी में अभिरा एक ओर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी ओर संजयकी साजिशें पौद्दार परिवार का माहौल और तनावपूर्ण बना रही हैं.


# जाह्नवी की फिल्म 'धड़क' को पूरे हुए 8 साल



**बॉलीवुड** की चर्चित रोमांटिक फिल्म 'धड़क' ने अपनी रिलीज के आठ साल पूरे कर लिए हैं. इस खास मौके पर फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल वीडियो शेयर कर फिल्म से जुड़ी यादों को ताजा किया. पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा, 'दो प्यार करने वाले दिल और दो धड़कनें, जो हमेशा एक साथ धड़कती हैं... 'धड़क' के 8 शानदार साल पूरे!' मेकर्स का यह भावुक संदेश फैंस को काफी पसंद आ रहा है और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

साल 2018 में रिलीज हुई 'धड़क' से जाह्नवी कपूर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जबकि ईशान खट्टर की यह पहली मुख्य भूमिका वाली फिल्म थी. दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री और फिल्म की भावनात्मक कहानी को दर्शकों ने खूब सराहा था. यह फिल्म मराठी सुपरहिट फिल्म 'सैराट' का हिंदी रीमेक थी, जिसमें अलग-अलग सामाजिक वर्गों से जुड़े दो युवाओं की प्रेम कहानी दिखाई गई थी.

# 'क्रेजी4यू' में युवा प्यार का जादू




**कुंवर** के नए गाने 'क्रेज़ी4यू' में प्यार में पड़ने के रोमांच, बेताबी और खुशनुमा हलचल को बखूबी दर्शाया गया है. वैश्विक मंच पर पंजाबी संगीत की नई लहर की सबसे शानदार आवाजों में से एक के रूप में अपनी पहचान बना रहे भारतीय-कनाडाई सिंगर-सॉन्गराइटर कुंवर, एक हाई-एनर्जी पॉप ट्रैक के साथ वापस लौटे हैं. यह गाना किसी के ख्यालों में पूरी तरह से खो जाने के खूबसूरत एहसास को बयां करता है. कुंवर के सिग्नेचर साउंड और गायकी के साथ मॉडर्न पॉप प्रोडक्शन के मिश्रण से सजा क्रेज़ी4यू, उस प्यार का जश्न मनाता है जो आपके दिलो-दिमाग से नहीं उतरता.

यह पुरानी यादों पर मुस्कुराने, बातों को दोहराने और उनसे दोबारा मिलने का बेसब्री से इंतजार करने के बारे में है. अपनी शानदार बीट्स और कैची हुक के साथ, इस ट्रैक में युवा प्यार का बेफिक्र अंदाज झलकता है, जो इसे लेट-नाइट ड्राइव्स, प्लेलिस्ट और डांस फ्लोर के लिए एकदम सही गाना बनाता है. मूल रूप से, क्रेज़ी4यू' इस बात की याद दिलाता है कि कैसे प्यार लोगों को एक बेहतरीन अहसास में खुद को भुला देने पर मजबूर कर देता है. इस ट्रैक के बारे में बात करते हुए कुंवर कहते हैं, 'लगभग हर किसी ने उस दौर का अनुभव किया है जब कोई व्यक्ति बिना किसी कोशिश के चुपचाप आपके ख्यालों पर छा जाता है.

# रामायण में जटायु की एंट्री!

## अमिताभ नहीं, अनुपम खेर देंगे आवाज

**निर्देशक** नितेश तिवारी की बहुचर्चित पौराणिक फिल्म 'रामायण' को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं. लगभग 4000 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट में तैयार हो रही इस मेगा प्रोजेक्ट की स्टार कास्ट पहले ही चर्चा का विषय बनी हुई है. अब फिल्म में जटायु के किरदार को लेकर भी बड़ा अपडेट सामने आया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए महानायक अमिताभ बच्चन का नाम नहीं, बल्कि दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर का नाम सामने आया है. हालांकि, फिल्म के निर्माताओं ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है.



अनुपम खेर फिल्म में जटायु के किरदार को अपनी दमदार आवाज देंगे. इससे पहले चर्चा थी कि जटायु के लिए अमिताभ बच्चन की आवाज का इस्तेमाल किया जाएगा, लेकिन अब नई जानकारी ने इन अटकलों पर विराम लगा दिया है.

## ऑटोमोबाइल

# भारत आ सकती है हुंडई बोल्डर ऑफ-रोडर

**दक्षिण** कोरियाई वाहन निर्माता हुंडई भारतीय बाजार में अपनी सबसे दमदार ऑफ-रोड एसयूवी हुंडई बोल्डर को लॉन्च करने की तैयारी करती नजर आ रही है. कंपनी ने हाल ही में भारत में इसके प्रोडक्शन-स्पेक मॉडल का पेटेंट दाखिल किया है, जिससे इस एसयूवी के भारतीय बाजार में आने की संभावनाएं काफी मजबूत हो गई हैं. खास बात यह है कि बोल्डर हुंडई की पहली ऐसी एसयूवी होगी जिसे बॉडी-ऑन-फ्रेम आर्किटेक्चर पर तैयार किया जाएगा. यही प्लेटफॉर्म भविष्य में कंपनी के पिकअप ट्रक मॉडल का भी आधार बनेगा, जिसे अमेरिका में 2030 तक पेश किए जाने की योजना है.

हुंडई बोल्डर कॉन्सेप्ट को पहली बार 2026 न्यूयॉर्क इंटरनेशनल ऑटो शो में पेश किया गया था. अब सामने आए पेटेंट से पता चलता है कि इसका प्रोडक्शन मॉडल कॉन्सेप्ट डिजाइन से काफी हद तक मिलता-जुलता रहेगा. एसयूवी में चौड़े और मजबूत बॉडी प्रोपोर्शन, बड़े ऑफ-रोड टायर, स्क्वेयर्ड व्हील आर्च, मोटी क्लैडिंग और एल-शेप सी-पिलर जैसे डिजाइन एलिमेंट्स बरकरार रखे गए हैं, जो इसे बेहद रग्ड और एडवेंचर-रेडी लुक देते हैं.



हालांकि फ्रंट डिजाइन में कुछ बदलाव किए गए हैं. पेटेंट मॉडल में कॉन्सेप्ट के बड़े ड्यूल हेडलैंप की जगह छोटे स्क्वेयर एलईडी लैंप और उनके साथ वर्टिकल एलईडी डीआरएल दिए गए हैं. इसके अलावा बंद ग्रिल, नया फ्रंट बंपर, स्किड प्लेट और अलग डिजाइन वाले अलॉय व्हील्स इसे नया रूप देते हैं.

# फेरारी अमाल्फी स्पाइडर भारत में लॉन्च, कीमत 4 .60 करोड़

**इटली** की लग्जरी स्पोर्ट्स कार निर्माता फेरारी ने भारतीय बाजार में अपनी नई कन्वर्टिबल सुपरकार अमाल्फी स्पाइडर लॉन्च कर दी है. कंपनी ने इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 4.60 करोड़ रुपये (वैकल्पिक फीचर्स की कीमत को छोड़कर) तय की है. मार्च 2026 में वैश्विक स्तर पर पेश की गई यह कार महज चार महीने के भीतर भारतीय बाजार में पहुंच गई है.



कंपनी ने इसके लिए बुकिंग भी शुरू कर दी है. अमाल्फी स्पाइडर, फेरारी अमाल्फी कूपे का ओपन-रूफ संस्करण है और इसकी कीमत कूपे मॉडल से 52 लाख रुपये अधिक रखी गई है.नई अमाल्फी स्पाइडर में 3.9 लीटर का ट्विन-टर्बो वी8 पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 640 हॉर्सपावर की अधिकतम शक्ति और 760 न्यूटन मीटर का अधिकतम टॉर्क पैदा करता है. यह इंजन 8-स्पीड ड्यूल-क्लच ऑटोमैटिक गियरबॉक्स से जुड़ा है, जो इसकी ताकत पिछले पहियों तक पहुंचाता है.

# नई पीढ़ी की टोयोटा हिलक्स की पहली झलक


**जापानी** वाहन निर्माता टोयोटा ने अपनी लोकप्रिय पिकअप ट्रक नई पीढ़ी की हिलक्स की पहली आधिकारिक झलक जारी कर दी है. कंपनी इस दमदार पिकअप को 28 जुलाई 2026 को वैश्विक स्तर पर पेश करेगी. भारत में भी इसके लॉन्च की तैयारी चल रही है.



नई हिलक्स पहले की तरह बॉडी-ऑन-फ्रेम आईएमवी प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी, लेकिन इसमें पहले से अधिक आकर्षक डिजाइन, आधुनिक तकनीक और नए फीचर्स देखने को मिलेंगे.टोयोटा द्वारा जारी टीजर में नई हिलक्स का अगला हिस्सा दिखाई देता है, जिसमें बोल्ड डिजाइन की झलक मिलती है. पिकअप में बड़े 'टोयोटा' अक्षरों वाली फ्रंट ग्रिल, हनीकॉम्ब पैटर्न, आकर्षक एलईडी हेडलाइट्स और सिल्वर स्किड प्लेट दी गई है, जो इसे पहले से ज्यादा मजबूत और प्रीमियम लुक देती है.

# कावासाकी वर्सिस-एक्स 300 पर 81 हजार रुपये तक का फायदा

**जापानी** दोपहिया वाहन निर्माता कावासाकी ने अपनी लोकप्रिय एडवेंचर टूरर बाइक वर्सिस-एक्स 300 पर ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर पेश किया है. कंपनी जुलाई 2026 के अंत तक इस बाइक के 2025 (एमवाई25) और 2026 (एमवाई26) दोनों मॉडल पर कैश डिस्काउंट के साथ मुफ्त एक्सेसरीज का लाभ दे रही है. इन ऑफर्स के तहत ग्राहकों को 81 हजार रुपये तक का कुल फायदा मिल सकता है.



खास बात यह है कि दोनों मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत समान 3.49 लाख रुपये है और इनमें मैकेनिकल रूप से कोई अंतर नहीं है.सबसे ज्यादा फायदा एमवाई25 मॉडल पर मिल रहा है. इस मॉडल पर कंपनी 35 हजार रुपये की सीधी नकद छूट दे रही है. इसके अलावा ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार मुफ्त पैनियर सेट या सेंटर स्टैंड में से किसी एक एक्सेसरी का विकल्प चुन सकते हैं. इन एक्सेसरीज की कीमत करीब 46 हजार रुपये तक बताई गई है. इस तरह एमवाई25 मॉडल पर कुल लाभ 81 हजार रुपये तक पहुंच जाता है. कैश डिस्काउंट के बाद इसकी प्रभावी एक्स-शोरूम कीमत घटकर 3.14 लाख रुपये रह जाती है

## यंग इंडिया

# अमृता यूनिवर्सिटी में प्रोग्राम एसोसिएट की भर्ती



**शिक्षा** और सामाजिक विकास के क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है. अमृता विश्व विद्यापीठम ने ऑफिस ऑफ यूथ एम्पावरमेंट में प्रोग्राम एसोसिएट पद के लिए भर्ती निकाली है. इस पद के लिए 0 से 3 वर्ष अनुभव वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं.

नौकरी का स्थान अमृतपुरी, कोल्लम (केरल) रखा गया है. चयनित उम्मीदवार को दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में यात्रा कर सामाजिक विकास से जुड़े कार्यक्रमों के संचालन में योगदान देना होगा.इस भूमिका में उम्मीदवार को युवाओं के सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, कॉर्पोरेट वेलनेस और सतत विकास लक्ष्यों से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करना होगा. प्रोग्राम एसोसिएट को नेशनल कोऑर्डिनेटर के साथ मिलकर योजनाओं को लागू करने, कार्यक्रमों का संचालन करने और उनकी प्रगति की रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी दी जाएग नियुक्त उम्मीदवार को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, स्टेकहोल्डर से संवाद, कार्यक्रम आयोजन और स्वयंसेवकों के प्रबंधन जैसे कार्य संभालने होंगे.


# विकल्पा फाउंडेशन में प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर की भर्ती

**शिक्षा** और सामाजिक विकास के क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है. विकल्पा फाउंडेशन ट्रस्ट ने प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर पद के लिए भर्ती निकाली है. यह नियुक्ति गुरुग्राम , हरियाणा के लिए की जाएगी. इस पद के लिए 0 से 5 साल अनुभव वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. चयनित उम्मीदवार को शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों के संचालन, विद्यार्थियों की प्रगति की निगरानी और विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय की जिम्मेदारी संभालनी होगी .प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर की भूमिका में उम्मीदवार को छात्रों से जुड़ी जानकारी और रिकॉर्ड का प्रबंधन करना होगा. इसके अलावा विद्यार्थियों और अभिभावकों की काउंसलिंग, कार्यक्रम केंद्रों का नियमित निरीक्षण और फील्ड विजिट करना भी जिम्मेदारियों में शामिल होगा .नियुक्त उम्मीदवार को अलग-अलग जिलों में चल रहे कार्यक्रमों की निगरानी करनी होगी और छात्रों की उपस्थिति, प्रदर्शन तथा अन्य महत्वपूर्ण मानकों को ट्रैक करना होगा.

# क्वेस्ट एलायंस में ऑपरेशंस मैनेजर पद पर भर्ती

## बेंगलुरु में 5 से 10 साल अनुभव वाले उम्मीदवारों को मौका

**सामाजिक** क्षेत्र में करियर बनाने वाले अनुभवी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है. गैर-लाभकारी संस्था क्वेस्ट एलायंस ने ऑपरेशंस मैनेजर – यूथ प्रोग्राम पद के लिए भर्ती निकाली है. यह नियुक्ति बेंगलुरु स्थित कार्यालय के लिए की जाएगी. इस पद के लिए ऐसे उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास प्रोग्राम ऑपरेशंस, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, कंसल्टिंग या ग्रांट मैनेजमेंट क्षेत्र में कम से कम 5 साल का अनुभव हो. कंपनी ने इस पद के लिए वेतन की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है.



ऑपरेशंस मैनेजर की यह भूमिका संस्था के कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से संचालित करने और उन्हें बड़े स्तर पर लागू करने के लिए महत्वपूर्ण होगी. चयनित उम्मीदवार को वित्तीय प्रबंधन, परियोजना संचालन, डेटा विश्लेषण, सिस्टम को मजबूत बनाने और डोनर रिपोर्टिंग जैसे कार्यों की जिम्मेदारी संभालनी होगी. इस पद पर काम करने वाले व्यक्ति को प्रोग्राम टीम, वित्त विभाग, तकनीकी टीम और बाहरी साझेदारों के साथ मिलकर काम करना होगा.इस पद के तहत उम्मीदवार को परियोजनाओं के लिए बजट तैयार करने, संसाधनों के सही उपयोग की निगरानी करने और वित्तीय आंकड़ों का विश्लेषण करने का काम करना होगा. इसके अलावा खर्चों में होने वाले बदलावों की पहचान कर बेहतर निर्णय लेने के लिए रिपोर्ट तैयार करनी होगी. उम्मीदवार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा और नियमों के अनुसार पूरी हों.क्वेस्ट एलायंस ने इस पद के लिए ऐसे उम्मीदवारों की तलाश की है, जिन्हें वित्तीय प्रबंधन, बजटिंग, डेटा एनालिटिक्स और अनुपालन नियमों की अच्छी जानकारी हो. उम्मीदवार को डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टूल्स के इस्तेमाल और नई तकनीकों को अपनाने का अनुभव होना चाहिए. इसके साथ ही डोनर्स, साझेदार संस्थाओं और अन्य हितधारकों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने की क्षमता भी जरूरी है.

# जबलपुर एनजीओ में हेड पद पर भर्ती

**सामाजिक** सेवा क्षेत्र में करियर बनाने वाले अनुभवी उम्मीदवारों के लिए रोजगार का अवसर है. सेठ मन्नूलाल जगन्नाथ ट्रस्ट नटवारा एनजीओ ने एनजीओ हेड पद के लिए भर्ती निकाली है. यह नियुक्ति जबलपुर, मध्य प्रदेश के लिए की जाएगी.

इस पद के लिए सामाजिक सेवा या एनजीओ प्रबंधन क्षेत्र में 3 से 5 साल का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं.एनजीओ हेड के पद पर चयनित उम्मीदवार को संस्था के संपूर्ण प्रशासन और संचालन की जिम्मेदारी संभालनी होगी. इसमें एनजीओ की दैनिक गतिविधियों का प्रबंधन, टीम का नेतृत्व, नीतियों को लागू करना और सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों की योजना बनाना शामिल होगा




इस भूमिका में उम्मीदवार को संस्था के वृद्धाश्रम की देखरेख और कल्याण प्रबंधन, बच्चों की देखभाल एवं विकास कार्यों तथा कौशल विकास केंद्र के संचालन की जिम्मेदारी निभानी होगी. इसके अलावा सरकारी विभागों, दानदाताओं, सीएसआर भागीदारों और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करना भी पद की प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है.कंपनी ने इस पद के लिए ऐसे उम्मीदवारों की तलाश की है, जिनके पास एनजीओ प्रबंधन और सामाजिक सेवा क्षेत्र की अच्छी समझ हो. उम्मीदवार में नेतृत्व क्षमता, बेहतर संवाद कौशल और विभिन्न स्तरों के लोगों के साथ संबंध बनाने की योग्यता होनी चाहिए. साथ ही स्वतंत्र रूप से काम करने और प्राथमिकताओं के आधार पर जिम्मेदारियां पूरी करने की क्षमता भी जरूरी है.